सुविचार

किसी का अहसान कितना ही छोटा हो, उसे कभी मत भूलना और अपना अहसान कितना ही बड़ा हो उसे कभी मत जताना।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...







### सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दाखिल

# नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने और कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई है। इसके अलावा याचिका में 5 मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से शीर्ष अदालत की निगरानी में जांच कराने की अपील की गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हो चुके 20 छात्रों ने दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग






शीर्ष अदालत से की है।

### पुनः परीक्षा की मांग

सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। नई याचिका में कहा गया है कि 'व्यापक अनियमितताओं और धोखाधड़ी' को देखते हुए पुनः परीक्षा से केवल योग्य छात्रों को चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी।

### परीक्षा की शुचिता संदिग्ध

याचिका में कहा गया है कि प्रश्नपत्र लीक होने के पुष्ट मामलों के मद्देनजर परीक्षा की शुचिता संदिग्ध है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि घोषित परिणाम से पता चला है कि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 620-720 अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में 400 प्रतिशत से अधिक की असाधारण वृद्धि भी दर्ज की गई है।

### स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग

याचिका में न्यायालय की निगरानी में सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से अनियमितता की गहन जांच की मांग की गई है ताकि बड़ी संख्या में मेधावी छात्रों के साथ न्याय हो सके। याचिका में न्यायालय द्वारा नियुक्त और उसी की निगरानी में किसी समिति या अन्य स्वतंत्र एजेंसी से शैक्षणिक पृष्ठभूमि की जांच, फोरेंसिक विश्लेषण और ऐसे सभी उम्मीदवारों की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है जिनके 620 और उससे अधिक अंक हैं।

### एनटीए को ये निर्देश देने की अपील

याचिका में एनटीए और अन्य को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने और भविष्य में नीट-यूजी में कथित धोखाधड़ी, प्रश्नपत्र लीक और अनुचित साधनों से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए निर्देश देने की भी अपील की गई है।

# पूर्व सीएम जगन रेड्डी के आवास पर चला बुलडोजर, नगर निगम ने गिराया अवैध निर्माण का हिस्सा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

हैदराबाद। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के आवास लोटस पौंड से सटे फुटपाथ पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

जगन के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के 10 दिन के बाद यह कदम उठाया गया है। जीएचएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, निगम अधिकारियों ने जगन के





आवास के पास फुटपाथ पर टाइल लगाने के लिए परिसर की दीवार से सटे निर्माण को हटा दिया। इन ढांचों का उपयोग सुरक्षाकर्मी करते थे।

### पड़ोसियों ने की थी शिकायत

जीएचएमसी के टाउन प्लानिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन लोगों ने जगन के आवास पर संबंधित व्यक्ति से छह महीने पहले ढांचा हटाने के लिए कहा था, ताकि फुटपाथ पर काम कराया जा सके।

कॉलोनी के निवासियों ने फुटपाथ के अतिक्रमण के बारे में शिकायत की थी। अतिक्रमण से सड़क पर आने-जाने वालों को असुविधा हो रही थी। संपर्क किए जाने पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि ढांचे पूरी तरह अस्थायी थे और वर्षा एवं गर्मी के दौरान सुरक्षाकर्मियों की सुविधा के लिए इनका निर्माण कराया गया था।

# मणिपुर हिंसा के बीच CM बीरेन सिंह के बंगले के पास लगी भीषण आग

### सचिवालय बिल्डिंग जलकर खाक



अंतर्कथा प्रतिनिधि

इंफाल। मणिपुर में पिछले साल से चल रही हिंसा के बीच शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी बंगले के पास आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग सीएम आवास के पास मौजूद सचिवालय परिसर की एक बिल्डिंग में लगी। पुलिस ने बताया कि आग बुझाने के लिए तीन दमकल की गाड़ियों को लगाया गया।अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

# अफवाह ने ली चार की जान

### रांची से सासाराम जाने वाली इंटरसिटी में घटी घटना

अंतर्कथा प्रतिनिधि

बरकाकाना : बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत कुमंडीह रेलवे स्टेशन के पास रेल हादसे हुआ। रांची से सासाराम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच आग लगने की अफवाह फैली। अफवाह फैलने के बाद ट्रेन में अपरा तफरी मच गई चुकी उसे वक्त ट्रेन की स्पीड कम होने पर यात्री ट्रेन से कूद गए। दूसरी ओर से आ रही मालगाड़ी चपेट में आने से चार लोग की मौत हो गई और कई घायल हो गए हैं।




बरवाडीह रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू टीम के साथ अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। गौरतलब है कि घटनास्थल घोर नक्सल प्रभावित इलाके में होने की वजह से प्रशासनिक टीम को पूरी सतर्कता बरतनी पड़ रही है। रात के अंधेरे में रेस्क्यू ऑपरेशन में भी रेलवे टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# विपक्ष इस बार उतरेगा लोक सभा अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बाद संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा, जो तीन जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 26 जून को नई लोकसभा के अध्यक्ष का भी चयन होना है। वैसे तो पिछले दो बार से बगैर किसी टकराव के लोकसभा अध्यक्ष का चयन होता आया है, लेकिन इस बार चुनाव में मजबूत होकर उभरे विपक्ष ने लोकसभा उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी शुरू कर दी है। फिलहाल जो संकेत मिल रहे हैं, उसमें विपक्ष सहमति के आधार पर लोकसभा उपाध्यक्ष पद की मांग रखेगा लेकिन यदि सहमति



नहीं बनी तो वह लोकसभा अध्यक्ष के लिए भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतार सकता है।

आम तौर पर उपाध्याक्ष विपक्ष से होने की परंपरा रही है

इस बीच लोकसभा में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ उपाध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू करेगा। आम तौर पर यह परंपरा रही है की उपाध्याक्ष विपक्ष से होता है। लोकसभा में इस बार स्थिति काफी बदली हुई होगी। दस साल बाद विपक्ष का कोई नेता सदन में होगा। साथ ही विपक्ष की संख्या भी अच्छी रहेगी। ऐसे में वह हर मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगा। लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन को इस बार 233 सीटें मिली है। इनमें अकेले कांग्रेस की करीब 99 सीटें है।

### 2019 में खाली था लोकसभा उपाध्यक्ष का पद

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद 16वीं लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने अन्नाद्रमुक को दिया गया था। जिसकी ओर से एम थंबीदुरई डिप्टी स्पीकर बनाए गए थे। वहीं 2019 में 17वीं लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का चुनाव ही नहीं किया गया। यह पद पूरे समय खाली ही रहा।

# स्व. सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि पर उमड़ा जन सैलाब

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झरिया: झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना- जाना लगा रहा।

दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी- बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था।



कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगों की मेजबानी में स्वयं खड़े थे।

सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी।


इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। रागिनी सिंगने कहा कि 33 साल के बाद भी विधायक जी को चाहने वालों में कोई कमी नहीं आई है। भीषण गर्मी में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे है। विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया, आज भी वही समय मिल रही है। उनके चाहने वालों को हम पूरे परिवार छाया की तरह उनके साथ है। जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। युवाओं को खास कर के रागिनी सिंह की ओर झुकाव देखा गया। युवा सेल्फी लेते रहे। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत किया। जमसं के संयुक्त महामंत्री व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने कहा कि उनका एवं उनका परिवार का हमेशा पिता की तरह जनता की सेवा में तत्पर है। कोयलांचल में जब भी कुछ होता है सूर्यदेव सिंह की चर्चा करने से लोग पीछे नहीं हटते। झरिया की जनता की हर सुखदुख में हमेशा साथ रहूंगा।

## पिता ने पैसा नहीं दिया तो पुत्र ने लोहे के रड से मारकर किया पिता की हत्या

- सौतेली मां के शिकायत पर पुलिस ने हत्यारा पुत्र एवं बहू को किया गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि



मैथन : कलयुग में अब रिश्ते का भी खुन होना आम बात होती जा रही है । ऐसा ही मामला मैथन के आमकूड़ा में घटित हुआ, जब एक पिता ने पुत्र को पैसा नहीं दिया तो पुत्र ने लोहे के रड से हमला कर पिता की हत्या कर दी और फरार हो गया। बाद में सौतेली मां की शिकायत पर मैथन पुलिस ने हत्यारा पुत्र सपन महतो एवं उसकी पत्नी छुम्मा महतो को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। इसका सबसे ज्यादा असर सपन महतो के 5 साल के पुत्र तारा महतो एवं दो पुत्रीयो पर पड़ा है पुत्र तारा महतो का उम्र 5 साल, छोटी पुत्री प्रियंका महतो जिसका उम्र महज 8 साल है जबकि दूसरी पुत्री खुशी महतो का उम्र करीब 12 साल है। तीनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सिजुआ महाप्रबंधक कार्यालय में विद्युत सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



अंतर्कथा प्रतिनिधि

कतरास. सिजुआ एरिया महाप्रबंधक के सभागार में शनिवार को विद्युत सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में कार्य के दौरान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. सेमिनार को संबोधित करते हुए डीजीएमएस के उपनिदेशक वीरेंद्र प्रताप ने सीइए रेगुलेशन 2023 पर विस्तार पूर्वक चर्चा की. उन्होंने कर्मियों से सुरक्षा के साथ कार्य करने की बात कही.

बिना सुरक्षा के कार्य करना जान माल को नुकसान पहुंचाने जैसा है. सुरक्षा के साथ कभी भी खिलवाड़ ना करें. सेमिनार को निदेशक खान सुरक्षा विद्युत आनंद अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक एके झा, परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे, क्षेत्रीय प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक लोकेश जैन के अलावे सिजुआ क्षेत्र के सभी अभियंता एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे.

## मैथन आदर्श सेवा समिति ने 300 लोगों के बीच किया वस्त्र वितरण



अंतर्कथा प्रतिनिधि

मैथन : मैथन आदर्श सेवा समिति द्वारा बाथानडांग तथा जोसपुर के करीब 300 बच्चे ,पुरुष एवं महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया। कल देर रात तक चला ।

वस्त्र वितरण कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी , पुरुषों को पैंट-शर्ट तथा टी-शर्ट , लड़कियों को सलवार- कमीज, फ्रॉक एवं बच्चों को पैंट-शर्ट आदि बांटा गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल, सचिव शंकर गांगुली , प्रदीप रंजन चौधरी, असित कुमार बोस, फनी भूषण मंडल ,साधु बावरी, अनूप मंडल आदि उपस्थित है।

## कतरास कॉलेज में भाकपा ने 11 वीं12 वीं की पढाई चालू करने की मांग को लेकर दिया एकदिवसीय धरना




अंतर्कथा प्रतिनिधि

कतरास.भाकपा माले रेड स्टार के तत्वावधान में शनिवार को कतरास कॉलेज के मुख्य गेट के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया.इससे पूर्व कतरास भगत सिंह चौक से पदयात्रा निकाली गयी. पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास कॉलेज के मुख्य द्वार तक पहुंची. कामरेड शरण सिंह ने कहा कि कतरास कॉलेज में 11वी तथा 12 वी की पढ़ाई विगत 2023 से वॉइस चांसलर के द्वारा कतरास कॉलेज में बंद कर दी गई. इसके कारण उच्च शिक्षा के लिए यहां के छात्र छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है. पढ़ाई चालू नही किए जाने पर धनबाद रणधीर वर्मा चॉक में अधिकारियों का पुतला दहन किया जाएगा. मुख्य रूप से कॉमरेड शरण सिंह, कॉमरेड सुदर्शन सिंह, बेहराकुदर पंचायत के पूर्व मुखिया महादेव दास, जमुआटाड पंचायत के उपमुखिया नसीम अंसारी, विक्की कुमार सिंह, रोहन दास, मिथलेश सिंह, सोनू सिंह, राकेश कुमार सिंह, आर्यन सिंह, सुभम सिंह, मोहित सिंह, सत्यम कुमार सिंह शामिल थे.

## झारखंड के सात खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण पदक

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 14 जून सिलीगुड़ी में बंगाल किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में झारखंड स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग संगठन के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 7 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। इसमें राजदीप कौर(धनबाद) सचिन कुमार (रामगढ़) सक्षम कुमार (रामगढ़) सुमन कुमारी (हजारीबाग ) अपुरबो मुखर्जी (रामगढ़) कृष सिन्हा(रामगढ़) हर्षदीप कुमार( रामगढ़), रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम मनीष राज (हजारिबाग) श्लोक कुमार( पूर्वी सिंम्भूम) तुषार कुमार( रामगढ़ )तथा काष्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम सौरभ सिंह( रामगढ़) आर्यन कुमार (रामगढ़) मनदीप कौर( धनबाद )शेर्या श्री (रामगढ़ ) शामिल हैं।



इस अवसर पर खिलाड़ियों को झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.सी ठाकुर तथा सचिव ओवैस अरफात ने खिलाड़ियो को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी झारखंड के कोच प्रवीण कुमार ने दी।

# बांसजोड़ा के डेको आउट सोर्सिंग में हुए गोली बम कांड में 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लोयाबाद-बीसीसीएल क्षेत्र सं०5 के सेन्द्रा बांसजोड़ा परियोजना मे संचालित साकार मास (डेको) आऊटसोसिंग कंपनी मे बीते दिनो अपराधियो ने गोली-बारी बम बारी सहित मजदूरो मे दहशत फैलाने को लेकर साईड इंचार्ज जय शंकर शर्मा ने लोयाबाद थाना मे लिखित आवेदन देकर 9 अपराधियो के खिलाफ माइंस के व्यू मे 8-10 बम विस्फोट करने और दो-तीन राऊंण्ड चलाकर कंपनी का काम बंद करवाने की लिखित शिकायत की है। वही पुलिस लिखित आवेदन पर कांड संख्या-21/24 दर्ज करते हुए अज्ञात 9 लोगो पर मामला दर्ज किया। ज्ञात हो कि गुरूवार की रात लगभग 1 बजे संचालित आऊटसोसिंग कंपनी के माइंस भिव्यू प्वाइंट पर नकाबपोश हथियारबंद अपराधियो में चार-पांच मोटरसाईकिल से आये थे और अचानक तबड़तोड़ 8-10 संख्या मे बम और इसके साथ कई राउंड गोली भी चलाया गया।बम और गोली की आवाज से पुरा आऊटसोसिंग मे दहल गया। और वही गोली और बम की आवाज से कंपनी कार्यरत मजदूर मे भगदड़ मच गई।मजदूर गाड़ी मे छुपकर जीवन बचाया। और अपराधियो ने तीसरी पाली स्विफ्ट इंचार्ज गौतम महतो को काम बंद करने की धमकी देते हुए उनके गाड़ी के समीप मे बम फेंक दिया।जिसमे उन्हे कोई क्षति नही पहुंची । हलांकी कंपनी का स्टोर रुम एवं कार्यालय का एलवेस्टर टूट गया।और इस घटना को अंजाम देकर सभी अपराधी फरार हो गए। घटना के बाद लोयाबाद पुलिस की खबर किया गया। जहां मौके पर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार सहित अपने पुलिस बल के साथ धटनास्थल पहुंचे जबतक अपराधि फरार हो चुके थे। हालांकि घटना की रात मे पुलिस को कोई ठोस सबूत नही मिले थे ।लेकिन घटना के दुसरे दिन थाना प्रभारी घटनास्थल पर जांच पड़ताल करने पहुंचे और उन्होने कहा कि रात मे माइंस मे बमबारी हुई है लेकिन गोली चलने की सूचना नही है। वही मौके पर बम का छोटा-छोटा सुतली पाया गया ।और दिन मे कुछ लोग खोज कर एक जिंदा गोली तथा एक खोखा बरामद कराया है। हालांकि इस घटना के बाद से माइंस सहित क्षेत्र मे पुलिस की गशित बढ़ा दी गई है।







## झारखण्ड में मानसून की दस्तक, लोगो को उमस भरी गर्मी से मिली राहत



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद जिले में शनिवार को मॉनसून की पहली बारिश हुई। कुछ इलाकों में झमाझम तो कुछ स्थानों में हल्की बारिश दर्ज की गयी। वहीं लोग बारिश का आनंद लेते दिखे। हालांकि दोपहर में धूप निकली और लोगों ने उमस महसूस की। दोपहर ढलने के बाद आसमान में बादल घिर आये। शनिवार को अधिकतम तापमान जहां 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। झारखंड में मॉनसून के प्रवेश के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। 14 जून को जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था, वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर आ गया। हालांकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री के करीब बना हुआ है। वहीं आज मौसम साफ रहा है, सुबह से ही कड़ी धूप लोगों को परेशान करने लगी थी तापमान में गिरावट होने के बाद भी दोपहर में गर्मी ने लोगों को पसीने से तर-बतर कर दिया। अपराह्न तीन बजे के बाद आसमान में हल्के बादल के साथ झमाझम बारिश हुई।

## गिरिडीह में 30 मवेशी लदा ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

गिरिडीह : पशु तस्करों के खिलाफ कारवाई करते हुए गिरिडीह पुलिस ने शुक्रवार अहले सुबह को एक ट्रक में ले कर जा रहे पशुओं को पकड़ा है। बताते है पड़ोसी राज्य बिहार के आरा से एक ट्रक ने पशुओं को लाद कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था जिसकी सूचना गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली। जिसके बाद एसपी ने सरिया-बगोदर एसडीपीओ धनजंय राम के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलवाया। इस क्रम में जीटी रोड के बगोदर झरी पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया। बरही के तरफ से आ रहे ट्रक संख्या बीआर 06 जीडी 8085 को रुकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगा जिसे पुलिस से खदेड़ कर पकड़ा। जिसमे 20 भैंस समेत 10 भैंस के बच्चे समेत कुल 30 भैंस को मुक्त कराया। इस मामले में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने पटना जिला के सुनील कुमार, लालबाबू कुमार और रोहतास जिला के मकसूद आलम को गिरफ्तार किया है।



## समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर 2 दिन के बच्चे के लिए अत्यंत दुर्लभ रक्त उपलब्ध कराई गई



अंतर्कथा प्रतिनिधि

सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को बोकारो के रहने वाले समाज सेवी विद्याभूषण कुमार ने सूचित किया कि बोकारो के आशा हॉस्पिटल में एक बच्चे का जन्म हुआ हैं जिसकी माँ का नाम सोनी कुमारी हैं बच्चा अभी दो दिन का ही हैं और उसके शरीर में जो रक्त हैं वह सही प्रकार से कार्य नहीं कर रहा हैं जिसके कारण बच्चे के शरीर का रक्त बदलकर दुर्लभ रक्त ए नेगेटिव चढ़ाने की आवश्यकता हैं बच्चे के घर वाले बहुत परेशान हैं ये रक्तदान करना चाहते हैं परंतु यह दुर्लभ रक्त कहीं नहीं मिल रहा हैं कृपया इनकी मदद करें।

सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने संस्था के सक्रिय सदस्य भूली निवासी सौरभ चौहान को दुर्लभ रक्त समुह ए नेगेटिव पता लगाने को कहा जिसके तुरंत बाद सौरभ चौहान ने बताया कि धनबाद के चक्रवर्ती ब्लड बैंक में ए नेगेटिव रक्त उपलब्ध हैं मैने बोल दिया हैं बच्चे के लिए रखने के लिए, फिर थोड़ी देर बच्चे के पिता सुमित कुमार सिंह बोकारो से धनबाद ब्लड बैंक पहुंच कर अपना ए पॉजिटिव रक्त दान कर अपने 2 दिन के बच्चे के लिए दुर्लभ रक्त ए नेगेटिव प्राप्त करते हैं।

## पुटकी थाना प्रभारी बाबुधान सोरेन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी :-पुटकी थाना में शनिवार की शाम को बक़रीद को लेकर थाना प्रभारी बाबूधान सोरेन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में आये शांति समिति के सदस्य , गणमान्य लोगो ने बक़रीद पर्व को शांति से बनाने में आपसी सहयोग करने में सहमती बनी । मोके पर पुटकी थाना के एएसआई बुधिनारायण राम , एएसआई तपेश्वर पासवान शांति समिति के राजू सिंह , मुखिया चमेली देवी , शिवानंदन पासवान , निरंजन सिंह , शाहरुख़ ख़ान , अक्षवर प्रसाद , दीपक सिंह चौधरी , आनंद खंडेलवाल , हीरा लाल रजक , सुंदरी देवी , महेंद्र वर्णवाल , सदानंद वर्णवाल , शम्भु पासवान , चाँद परवेज़ व अन्य उपस्थित हुए ।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98